डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5324

दिनॉकः 03 जनवरी, 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः **विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 से आयोजित होने वाली सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर के (स्नातक / परास्नातक) रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने हेतु छात्र / छात्राओं के संबंध में आवश्यक निर्देश।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं जो **दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 से दिनांक 17 जनवरी, 2022 के मध्य आफलाइन मोड** में आयोजित करायी जा रही है। आपसे अनुरोध है कि उक्त परीक्षा में प्रतिभाग कर रहे अपने संस्थान के छात्र / छात्राओं को यह निर्देशित करने का कष्ट करें कि प्रत्येक विद्यार्थी शासन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गये कोविड–19 के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। छात्र / छात्राओं को यह भी निर्देशित करें कि परीक्षा के दौरान **यदि कोई छात्र कोरोना पाजिटिव पाया जाता है तो उसकी परीक्षा रोक दें एवं उसे घर पर आराम करने का निर्देश दें।** छात्र हित में कोराना ग्रसित छात्र / छात्राओं की छूटी हुई परीक्षा को पूर्ण कराये जाने के संबंध में सत्र 2021–22 के विषम सेमेस्टर की वर्तमान में सम्पादित करायी जा रही परीक्षा की समाप्ति के उपरान्त निर्णय लेते हुए उन्हें सूचित किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Anurag Tripathi 03/01/2022

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक